प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक बक्सर

सूचना संख्याः–...................... / बक्सर, दिनांकः– ....

आवश्यक–सूचना

राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार, पटना के जे0के0 (एस0बी0टी0ई0)–09/22–4346/ पटना, दिनांकः–16/10/2023 के निदेशानुसार डिप्लोमा **सेमेस्टर–IIIrd (Semester- IIIrd L.E. को छोड़ कर) एवं सेमेस्टर–Vth** के सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **पठन–पाठन हेतु Learning Management Software (LMS) के Classroom Creation, Add On Course का आँकड़ा संग्रहण करने एवं सेमेस्टर के दौरान छात्र–छात्राओं के उत्तम मेन्टरिंग व्यवस्था** सुनिश्चित करने हेतु पर्षद् के वेबपोर्टल– **https://ems.sbteonline.in** पर सत्र– **2023-24 (Odd)** सेमेस्टर के **Semester Enrollment दिनांकः–17/10/2023 से दिनांकः–19/10/2023 तक** निःशुल्क निश्चित रूप से कर लेंगे अन्यथा उक्त अवधि के उपरांत **दिनांकः–28/10/2023 तक** रू0 500/– विलम्ब शुल्क देय होगा।

जिन छात्र–छात्राओं का परीक्षाफल किन्हीं कारणों से **Pending** रह गया है वैसे छात्र–छात्राएँ भी उक्त अवधि में अपना **Semester Enrollment** का प्रक्रिया पूरा कर लेंगे। किन्तु उनका **Semester Enrollment** तभी सम्पुष्ट माना जाएगा, जब वे **Diploma** के **D.E.R.-2023** नियमानुसार सेमेस्टर–IIIrd एवं सेमेस्टर–Vth में जाने की पात्रता पूरा करेंगे।

अतः सभी संबंधित छात्र–छात्राओं को निदेशित किया जाता है कि उक्त अवधि में वेबपोर्टल– **https://ems.sbteonline.in** पर Semester Enrollment कर आवेदन की प्रति, संबंधित प्रमाण–पत्रों के छायाप्रति के साथ स्वअभिप्रमाणित कर सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं मेन्टर शिक्षक से **(Elective Paper सहित)** सत्यापित करा कर परीक्षा–शाखा में **दिनांकः–19/10/2023 को** अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चत करेंगे ताकि ससमय **Online Approval** एवं **Submission** की जा सके।

इसे अत्यावश्यक समझें।

ह0/–
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक,
बक्सर

ज्ञापांकः– 1006 / बक्सर, दिनांकः– 17/10/2023

प्रतिलिपिः–

(01) संस्थान के वेबसाइट एवं सूचना–पट्ट पर सेमे0–IIIrd एवं सेमे0–Vth के सभी संबंधित छात्र–छात्राओं को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

(02) संस्थान के सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं मेन्टर शिक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(03) संस्थान के सभी संबंधित समन्वयक (Co-ordinator)/व्याख्याताओं/कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं सभी छात्र–छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने हेतु प्रेषित।

(04) परीक्षा शाखा/स्थापना, राजकीय पोलिटेकनिक बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/23
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक,
बक्सर